# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 05-07-23 | 10 | 7-8 |



## कौशल विकास के उद्देश्य से स्थापित की गई बिल्डिंग

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना आरकेवीवाई-रफ्तार द्वारा स्वीकृत परियोजना इस्टेब्लिशमेंट ऑफ हाइटेक ट्रेक्टर एंड फार्म मशीनरी वर्कशॉप फॉर स्किल डेवलपमेंट ऑफ फॉमर्स एंड लोकल आर्टिसंस के तहत निर्मित बिल्डिंग प्रशिक्षण व कौशल विकास के उद्देश्य से स्थापित की गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला वायवीय एवं हाइड्रोलिक शक्ति से संचालित होने वाले आधुनिक एवं उन्नत औजारों एवं यंत्रों से सुसज्जित होगी। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पॉवर इंजीनियरिंग विभाग में ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप की बिल्डिंग का शिलान्यास करने उपरांत संबोधन दे रहे थे। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग में विद्युत चालित रेलिंग प्रणालियों का उपयोग करके ट्रेक्टर और अन्य कृषि मशीनरी की मरम्मत करने की सुविधा भी होगी। इस कार्यशाला से विश्वविद्यालय में पढ़ रहे स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, किसानों व युवाओं को व्यवहारिक ज्ञान और हुनर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इससे पूर्व कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बलदेव डोगरा ने कुलपति का स्वागत किया और कार्यशाला में जुटाई जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 05-07-23 | 03 | 07 |

## मशीनरी वर्कशाप में विद्यार्थियों व किसानों को मिलेगा व्यावहारिक ज्ञान

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने मंगलवार को कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पॉवर इंजीनियरिंग विभाग में 'ट्रैक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' भवन का शिलान्यास किया। इस वर्कशाप में विद्यार्थियों व किसानों को व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा।

कुलपति प्रो. कांबोज ने कहा कि परियोजना 'इस्टैब्लिशमेंट ऑफ हाईटेक ट्रैक्टर एंड फार्म मशीनरी वर्कशॉप फॉर स्किल डेवलपमेंट ऑफ फॉमर्स एंड लोकल आर्टिसन्स' के तहत प्रशिक्षण व कौशल विकास के उद्देश्य से इस बिल्डिंग की स्थापना की जा रही है। कार्यशाला आधुनिक औजारों एवं यंत्रों से सुसज्जित होगी। इसमें विद्युत चालित रेलिंग प्रणालियों का उपयोग करके ट्रैक्टर व अन्य मशीनरी की मरम्मत की सुविधा होगी। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 05-07-23 | 05 | 3-6 |

# हकृवि के कुलपति प्रो. काम्बोज ने 'ट्रैक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' का किया शिलान्यास

## इस वर्कशॉप से विद्यार्थियों व किसानों के व्यवहारिक ज्ञान व कौशल विकास में होगा बढ़ावा

हिसार, 4 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्याय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पॉवर इंजीनियरिंग विभाग में 'ट्रैक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' की बिल्डिंग का शिलान्यास किया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना आर.के.वी.वाई-रफ्तार द्वारा स्वीकृत परियोजना 'इस्टैब्लिशमेंट ऑफ हाईटेक ट्रेक्टर एंड फार्म मशीनरी वर्कशॉप फॉर स्किल डेवलपमेंट ऑफ फॉमर्स एंड लोकल आर्टिसन्स' के तहत निर्मित बिल्डिंग प्रशिक्षण व कौशल विकास के उद्देश्य से स्थापित की गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला वायवीय एवं हाइड्रोलिक शक्ति से संचालित होने वाले आधुनिक एवं उन्नत औजारों एवं यंत्रों से सुसज्जित होगी। इसमें विद्युत चालित रेलिंग प्रणालियों का उपयोग करके ट्रैक्टर और अन्य कृषि मशीनरी की मुरम्मत करने की सुविधा भी होगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला से विश्वविद्यालय में पढ़ रहे स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, किसानों व युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान और हुनर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी ताकि यहां से सीखी हुई तकनीक का इस्तेमाल कर वे स्वरोजगार शुरू कर अपना भविष्य संवार सकेंगे। कुलपति ने फार्म मशीनरी एवं पॉवर इंजीनियरिंग विभाग से संबंधित वैज्ञानिकों एवं सहायक कर्मियों के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में इसी तरह कार्यरत रहने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। इससे पूर्व कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बलदेव डोगरा ने कुलपति का स्वागत किया और कार्यशाला में जुटाई जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। फार्म मशीनरी एवं पॉवर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विजया रानी ने बताया कि 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' में विश्वविद्यालय में पढ़ रहे स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, किसानों व युवाओं को ट्रेक्टर के इंजन की सफाई करना, उपकरणों में नार्मल प्रैशर का अनुपात, पीटीओ का आरपीएम के बीच संतुलन करना सीखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में सीखी तकनीक के बाद जो किसान 'ट्रैक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' को रोजगार के तौर पर अपनाना चाहते हैं उनका भी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा।



हकृवि के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पॉवर इंजीनियरिंग विभाग में 'ट्रैक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' की बिल्डिंग का शिलान्यास करते हुए कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 05-07-23 | 02 | 4-6 |


### कुलपति ने 'ट्रैक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' का किया शिलान्यास

# किसानों व युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान और हुनर पाने में मदद करेगी कार्यशाला

भास्कर न्यूज़ | हिसार



हकृवि में वर्कशॉप का शिलान्यास करते वीसी प्रो. बीआर काम्बोज।

हरियाणा कृषि विश्वविद्याय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग में 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' की बिल्डिंग का शिलान्यास किया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना आरकेवीवाई-रफ्तार द्वारा स्वीकृत परियोजना 'इस्टेब्लिशमेंट ऑफ हाईटेक ट्रेक्टर एंड फार्म मशीनरी वर्कशॉप फॉर स्किल डेवलपमेंट ऑफ फॉमर्स एंड लोकल आर्टिसन्स' के तहत निर्मित बिल्डिंग प्रशिक्षण व कौशल विकास के उद्देश्य से स्थापित की गई है। उन्होंने बताया यह कार्यशाला वायवीय एवं हाइड्रोलिक शक्ति से संचालित होने वाले आधुनिक एवं उन्नत औजारों एवं यंत्रों से सुसज्जित होगी। इसमें विद्युत चालित रेलिंग प्रणालियों का उपयोग करके ट्रेक्टर और अन्य कृषि मशीनरी की मरम्मत करने की सुविधा भी होगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला से विश्वविद्यालय में पढ़ रहे स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, किसानों व युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान और हुनर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बलदेव डोगरा ने कुलपति का स्वागत किया। फार्म मशीनरी एवं पावर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विजया रानी ने बताया कि 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' में विश्वविद्यालय में पढ़ रहे स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, किसानों व युवाओं को ट्रेक्टर के इंजन की सफाई करना, उपकरणों में नार्मल प्रैशर का अनुपात, पीटीओ का आरपीएम के बीच संतुलन करना सिखाया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 05-07-23 | 03 | 5-7 |

# कुलपति ने ट्रैक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशाप का किया शिलान्यास

जागरण संवाददाता, हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्याय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग में 'ट्रैक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशाप' की बिल्डिंग का शिलान्यास किया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना आरकेवीवाई-रफ्तार द्वारा स्वीकृत परियोजना 'इस्टेब्लिशमेंट आफ हाईटेक ट्रैक्टर एंड फार्म मशीनरी वर्कशाप फार स्किल डेवलपमेंट आफ फामर्स एंड लोकल आर्टिसन्स' के तहत निर्मित बिल्डिंग प्रशिक्षण व कौशल विकास के उद्देश्य से स्थापित की गई है।



हकृवि के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग में 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशाप' की बिल्डिंग का शिलान्यास करते कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज। • पीआरओ

उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला वायवीय एवं हाइड्रोलिक शक्ति से संचालित होने वाले आधुनिक एवं उन्नत औजारों एवं यंत्रों से सुसज्जित होगी। इसमें विद्युत चालित रेलिंग प्रणालियों का उपयोग करके ट्रैक्टर और अन्य कृषि मशीनरी की मरम्मत करने की सुविधा भी होगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला से विश्वविद्यालय में पढ़ रहे स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, किसानों व युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान और हुनर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी ताकि यहां से सीखी हुई तकनीक का इस्तेमाल कर वे स्वरोजगार शुरू कर अपना भविष्य संवार सकेंगे। कुलपति ने फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग से संबंधित वैज्ञानिकों एवं सहायक कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। इससे पूर्व कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. बलदेव डोगरा ने कार्यशाला में जुटाई जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। फार्म मशीनरी एवं पावर विभाग की विभागाध्यक्ष डा. विजया रानी ने बताया कि अलग-अलग ट्रैक्टर में अपग्रेड मशीनों के उपकरणों का प्रबंध करना, इयूल क्लच को आपरेट करना, डिस्क के एंगल का प्रबंधन करना भी सिखाया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 05.07.2023 | -- | -- |

# कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' का किया शिलान्यास

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्याय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पॉवर इंजीनियरिंग विभाग में 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' की बिल्डिंग का शिलान्यास किया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना आर.के.वी.वाई-रफ्तार द्वारा स्वीकृत परियोजना 'इस्टैब्लिशमेंट ऑफ हाइटेक ट्रेक्टर एंड फार्म मशीनरी वर्कशॉप फॉर स्किल डेवलपमेंट ऑफ फॉमर्स एंड लोकल आर्टिसन्स' के तहत निर्मित बिल्डिंग प्रशिक्षण व कौशल विकास के उद्देश्य से स्थापित की गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला वायवीय एवं हाइड्रोलिक शक्ति से संचालित होने वाले आधुनिक एवं उन्नत औजारों एवं यंत्रों से सुसज्जित होगी। इसमें



विद्युत चालित रेलिंग प्रणालियों का उपयोग करके ट्रेक्टर और अन्य कृषि मशीनरी की मुरम्मत करने की सुविधा भी होगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला से विश्वविद्यालय में पढ़ रहे स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, किसानों व युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान और हुनर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी ताकि यहां से सीखी हुई तकनीक का इस्तेमाल कर वे स्वरोजगार शुरू कर अपना भविष्य संवार सकेंगे। कुलपति ने फार्म मशीनरी एवं पॉवर इंजीनियरिंग विभाग से संबंधित वैज्ञानिकों एवं सहायक कर्मियों के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में इसी तरह कार्यरत रहने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। इससे पूर्व कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी

**इस वर्कशॉप से विद्यार्थियों व किसानों में व्यवहारिक ज्ञान व कौशल विकास में होगा बढ़ावा**

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बलदेव डोगरा ने कुलपति का स्वागत किया और कार्यशाला में जुटाई जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। फार्म मशीनरी एवं पॉवर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विजया रानी ने बताया कि 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' में विश्वविद्यालय में पढ़ रहे स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, किसानों व युवाओं को ट्रेक्टर के इंजन की सफाई करना, उपकरणों में नार्मल प्रैशर का अनुपात, पीटीओ का आरपीएम के बीच संतुलन करना सीखाया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 04.07.2023 | -- | -- |

# हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' का किया शिलान्यास

## इस वर्कशॉप से विद्यार्थियों व किसानों में व्यवहारिक ज्ञान व कौशल विकास में होगा बढ़ावा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 जुलाई :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्याय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पॉवर इंजीनियरिंग विभाग में 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' की बिल्डिंग का शिलान्यास किया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना आर.के.वी.वाई-रफ्तार द्वारा स्वीकृत परियोजना 'इस्टैब्लिशमेंट ऑफ हाईटेक ट्रेक्टर एंड फार्म मशीनरी वर्कशॉप फॉर स्किल डेवलपमेंट ऑफ फॉमर्स एंड लोकल आर्टिसन्स' के तहत निर्मित बिल्डिंग प्रशिक्षण व कौशल विकास के उद्देश्य से स्थापित की गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला वायवीय एवं हाइड्रोलिक शक्ति से संचालित होने वाले आधुनिक एवं उन्नत औजारों एवं यंत्रों से सुसज्जित होगी। इसमें विद्युत चालित रेलिंग प्रणालियों का उपयोग करके ट्रेक्टर और अन्य कृषि मशीनरी की मुरम्मत करने की सुविधा भी होगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला से विश्वविद्यालय में पढ़ रहे स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, किसानों व युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान और हुनर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी ताकि यहां से सीखी हुई तकनीक का इस्तेमाल कर वे स्वरोजगार शुरू कर अपना भविष्य संवार सकेंगे। कुलपति ने फार्म मशीनरी एवं पॉवर इंजीनियरिंग विभाग से संबंधित वैज्ञानिकों एवं सहायक कर्मियों के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में इसी तरह कार्यरत रहने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। इससे पूर्व कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बलदेव डोगरा ने कुलपति का स्वागत किया और कार्यशाला में जुटाई जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। फार्म मशीनरी एवं पॉवर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विजया रानी ने बताया कि 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' में विश्वविद्यालय में पढ़ रहे स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, किसानों व युवाओं को ट्रेक्टर के इंजन की सफाई करना, उपकरणों में नार्मल प्रैशर का अनुपात, पीटीओ का आरपीएम के बीच संतुलन करना सीखाया जाएगा। साथ ही अलग-अलग ट्रेक्टर में अपग्रेड मशीनों के उपकरणों का प्रबंध करना, ड्यूल क्लच को ऑपरेट करना, डिस्क के एंगल का प्रबंधन करना भी सीखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में खेती करने के दौरान ट्रेक्टर की मदद से जमीन में समान दूरी में बीज डालने, खरपतवार व अन्य हानिकारक तत्वों को खत्म करने के लिए स्प्रे के दौरान विशेष प्रकार की नोजलों का इस्तेमाल करने, फसल के अनुसार ट्रेक्टर में इस्तेमाल की जाने वाली जाली को फिट करने का व्यवहारिक ज्ञान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यशॉप में ट्रेक्टर के इंजन व गेयर बॉक्स को उचित दूरी पर रखने के लिए विशेष प्रकार के आधुनिक यंत्रों का इस्तेमाल करना भी सीखाया जाएगा। इसके अलावा काम के दौरान कर्मचारियों, किसानों व विद्यार्थियों को सुरक्षा के मद्देनजर किन बातों का ध्यान रखना है उन मानकों को भी बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में सीखी तकनीक के बाद जो किसान 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' को रोजगार के तौर पर अपनाना चाहते हैं उनका भी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा।



हकृवि के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पॉवर इंजीनियरिंग विभाग में 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' की बिल्डिंग का शिलान्यास करते कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 04.07.2023 | -- | -- |

## हकृवि के कुलपति ने 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' का किया शिलान्यास

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्याय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पॉवर इंजीनियरिंग विभाग में 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' की बिल्डिंग का शिलान्यास किया। कुलपति ने बताया कि यह कार्यशाला वायवीय एवं हाइड्रोलिक शक्ति से संचालित होने वाले आधुनिक एवं उन्नत औजारों एवं यंत्रों से सुसज्जित होगी। इसमें विद्युत चालित रेलिंग प्रणालियों का उपयोग करके ट्रेक्टर और अन्य कृषि मशीनरी की मरम्मत की सुविधा भी होगी। कार्यशाला से विश्वविद्यालय में पढ़ रहे स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, किसानों व युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान और हुनर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। फार्म मशीनरी एवं पॉवर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विजया रानी ने बताया कि 'ट्रेक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप' में विश्वविद्यालय में पढ़ रहे स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, किसानों व युवाओं को ट्रेक्टर के इंजन की सफाई करना, उपकरणों में नार्मल प्रैशर का अनुपात, पीटीओ का आरपीएम के बीच संतुलन करना सिखाया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दूस्तान समाचार | 04.07.2023 | -- | -- |

हिन्दुस्थान समाचार



## हिसार: ट्रैक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप शुरू

15hr · 1 shares

हिसार, 4 जुलाई (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी आर कम्बोज ने मंगलवार को ट्रैक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला वाष्पीय एवं हाइड्रोलिक शक्ति से संचालित होने वाले आधुनिक एवं उन्नत औजारों एवं यंत्रों से सुसज्जित होगी।कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पॉवर इंजीनियरिंग विभाग में ट्रैक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप की बिल्डिंग का शिलान्यास करने उपरांत संबोधन दे रहे थे।

उन्होंने बताया कि बिल्डिंग में विद्युत चालित रैलिंग प्रणालियों का उपयोग करके ट्रैक्टर और अन्य कृषि मशीनरी की मरम्मत करने की सुविधा भी होगी। कुलपति ने फार्म मशीनरी एवं पॉवर इंजीनियरिंग विभाग से संबंधित वैज्ञानिकों एवं सहायक कर्मियों के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में इसी तरह कार्यरत रहने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। इससे पूर्व कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बलदेव डोगरा ने कुलपति का स्वागत किया और कार्यशाला में जुटाई जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया।

फार्म मशीनरी एवं पॉवर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विजया रानी ने बताया कि ट्रैक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप में विश्वविद्यालय में पढ़ रहे स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, किसानों व युवाओं को ट्रैक्टर के इंजन की सफाई करना, उपकरणों में नार्मल प्रैशर का अनुपात, पीटीओ का आरपीएम के बीच संतुलन करना सिखाया जाएगा।

इस कार्यशॉप में ट्रैक्टर के इंजन व गेयर बॉक्स को उचित दूरी पर रखने के लिए विशेष प्रकार के आधुनिक यंत्रों का इस्तेमाल करना भी सीखाया जाएगा। इसके अलावा काम के दौरान कर्मचारियों, किसानों व विद्यार्थियों को सुरक्षा के मद्देनजर किन बातों का ध्यान रखना है उन मानकों को भी बताया जाएगा व इस कार्यशाला में सीखी तकनीक के बाद जो किसान ट्रैक्टर एवं फार्म मशीनरी वर्कशॉप को रोजगार के तौर पर अपनाना चाहते हैं उनका भी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा।

हिन्दुस्थान समाचार/राजेश्वर/सुमन

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 04.07.2023 | -- | -- |

# हकृवि में स्नातक व स्नातकोत्तर कोर्सों में प्रवेश परीक्षा 16 व 23 जुलाई को, 10761 परीक्षार्थियों ने करवाया पंजीकरण

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 4 जुलाई :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कोर्सों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा 16 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार, बीएससी ऑनर्ज एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स, बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी ऑनर्ज कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय कोर्स, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग, सॉयल एंड वाटर इंजीनियरिंग, रिन्यूऐबल एंड बॉयो-एनर्जी व प्रोसेसिंग एंड फूड इंजीनियरिंग में एम.टेक. कोर्स, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एपारेल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड



कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, फूड एंड न्यूट्रीशन, ह्यूमन डेवलेपमेंट एंड फैमिली स्टडीज व रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कन्ज्यूमर साइंस कोर्सिज और कृषि महाविद्यालय में एग्री.मेटीयोरोलॉजी, एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, एग्रोनॉमी, इंटोमोलॉजी, फोरेस्ट्री, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, हॉर्टिकल्चर, नेमाटोलॉजी, प्लांट पैथोलॉजी, सीड साइंस एवं टेक्नोलॉजी, सायल साइंस, वेजीटेबल साइंस में एम.एस.सी कोर्सिज की प्रवेश परीक्षा 23 जुलाई को होगी। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कोर्सों में आवेदन के लिए अभी तक कुल 10761 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण करवाया है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों को परिवार पहचान पत्र में जानकारियां अपडेट करने में लगने वाले समय और परेशानी न हो को देखते हुए स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्सिज में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 08.07.2023 तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्सिज में प्रवेश के लिए नवीनतम अपडेट के लिए आवेदक विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से अपील है कि वे विश्वविद्यालय की वेबसाइटों जैसे कि प्रवेश. hau.ac.in and admissions.hau.ac.in पर विजिट करते रहें।